जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 165
दिनांक 03.10.2023

कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर द्वारा अंगीकृत ग्राम सरसवा पनागर में गांधी जयंती पर स्वच्छता जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

जनेकृविवि के कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा के मुख्य आतिथ्य मे कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर 03 अक्टूबर, 2023। कृषि विज्ञान केंद्र, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के पावन अवसर पर कृषि विज्ञान के द्वारा अंगीकृत ग्राम सरसवा पनागर में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जनेकृविवि के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है एवं महात्मा गांधी जी स्वच्छता हेतु सभी को प्रेरणा प्रदान करते थे,आज हम सबको अपने आसपास साफ–सफाई के साथ ही स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। साथ ही कुलपति डॉ. मिश्रा ने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन एवं उनकी समाज के प्रति आदर भाव को प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. दिनकर शर्मा ने कहा कि हमारे गांव एवं शहर में आम जनमानस में स्वच्छता को लेकर एक व्यापक जागरूकता आ चुकी है, लेकिन हमें और आगे बढ़कर इस दिशा में सामाजिक सहभागिता से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि बीमारियों से बचा जा सके और खेती किसानी में हमारे खेतों में भी विभिन्न प्रकार की समस्याएं रहती हैं। यदि हम खेत खलियान साफ रखते हैं तो अनेक प्रकार की खरपतवार, रोग एवं कीट व्याधियों से बचा जा सकता है।

स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक शिक्षक डॉ. अभिषेक शुक्ला, कृषि महाविद्यालय जबलपुर की अधिष्ठाता डॉ. पी. बी. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.बी. अग्रवाल, ग्राम सरसवा के सरपंच श्री दुर्गा विश्वकर्मा, प्रगतिशील कृषक एवं कृषक महिलाएं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कृषि महाविद्यालय जबलपुर एवं कृषि अभियात्रिकी महाविद्यालय की छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहकर स्कूल प्रांगण तथा गांव परिसर में स्वच्छता का कार्य संपन्न किया, साथ ही ग्राम की पंचायत भवन परिसर में फल ,पौधों का रोपण कार्य भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ. मिश्रा द्वारा गांव के तीन स्वच्छता मित्र को शाल , श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मानित किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ रश्मि शुक्ला ने स्वागत उदबोदन दिया एवं सभी ग्राम वासियों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम में भागीदारी हेतु सभी का आभार व्यक्त किया

कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ डीके सिंह द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन डॉ नितिन सिंघई द्वारा किया गया।

स्वच्छता कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. डीके सिंह , डॉ. यतिराज खरे, डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. नितिन सिंघई , डॉ. नीलू विश्वकर्मा , डॉ. अक्षिता तोमर, डॉ. मनोज पाठक का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही डॉ. आर. एन. श्रीवास्तव, डॉ. अमित झा , श्री दुर्गा विश्वकर्मा, श्री गुड्डा बैरागी, श्री यज्ञेश श्रीवास्तव एवं ग्राम सरसवा पनागर के ग्रामीण एवं विश्वविद्यालय के एनसीसी के छात्र एवं छात्राओं की विशेष भागीदारी रही।